हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

**प्रेस विज्ञप्ति**

# ईपीसीएच ने दुबई में इंडेक्स मेले में मौजूदगी दर्ज कराई

## भारतीय पवेलियन कर रहा प्रीमियम खरीदारों को आकर्षित

**नई दिल्ली – 04 जून, 2024** – इंडेक्स फेयर, 04 से 06 जून तक दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू हो गया है। इस मेले में ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्री के. कालीमुथु, वाणिज्य दूत, भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई ने ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा और अन्य निर्यातक सदस्यों की मौजूदगी में किया। ईपीसीएच के श्री राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच ने बताया कि यह मेला भारतीय निर्यातकों को मध्य-पूर्व के प्रीमियम खरीदारों के आगे अपने अनूठे हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने के कई अवसर प्रदान करता है।

श्री के. कालीमुथु, वाणिज्य दूत, भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई ने भारतीय पवेलियन का उद्घाटन करते हुए भारतीय हस्तशिल्प को विश्व बाजारों में लाने और देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच के निरंतर प्रयासों की सराहना की। सीजीआई ने भारतीय प्रदर्शकों से बातचीत की और यूएई में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जरूरी मदद की पेशकश की।

ईपीसीएच अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने बताया कि परिषद नियमित तौर पर इंडेक्स फेयर, दुबई, यूएई में भाग लेती है, इससे यूएई के बाजार की विविधता के बारे में जानकारी मिलती है। इंडेक्स दुबई डिजाइन पर आधारित उत्पादों का पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) में सबसे बड़ा व्यापार मेला है। ईपीसीएच ने इंडेक्स फेयर में हस्तशिल्प निर्यातकों की इस भागीदारी का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने कहा कि अहमदाबाद, करूर, बेंगलुरु, चेन्नई, पानीपत, सहारनपुर, जयपुर, जोधपुर, मुरादाबाद और दिल्ली एनसीआर के प्रदर्शक इंडिया पवेलियन में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं, वो अपने होम डेकोर लाइफस्टाइल, होम टेक्सटाइल, फर्नीचर और एक्सेसरीज के खास उत्पाद, मेले में आ रहे प्रीमियम खरीदारों को दिखा रहे हैं।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने की एक नोडल संस्थान है और यह देश के विभिन्न शिल्प क्लस्टर में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल, फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी व एक्सेसरीज उत्पादों को बनाने में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाती है। साल 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिका डॉलर) का हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यूएई में होने वाला हस्तशिल्प निर्यात 2049 करोड़ (247 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जिसमें बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 15.91% और डॉलर के संदर्भ में 12.60% की वृद्धि दर्ज हुई है, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा द्वारा सूचित किया गया।

---

**कृपया विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें:**
श्री आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच +91- 9810697868

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

**PRESS RELEASE**

**EPCH MARKS PRESENCE AT INDEX FAIR IN DUBAI**

**INDIAN HANDICRAFTS PAVILION ATTRACTS PREMIUM BUYERS**

**New Delhi –** 04th June 2024 – The Index Fair from 04-06 June 2024 got underway at Dubai World Trade Centre, United Arab Emirates (UAE). The EPCH India Pavilion was inaugurated by Mr. K. Kalimuthu, Consul Commerce, Consulate General of India, Dubai in the presence of Mr. R. K. Verma, Executive Director - EPCH and other member exporters. This fair offers several opportunities to Indian exporters to display their unparalleled handicrafts products to the premium buyers of Middle East region. Various member exporters from different parts of country are showcasing their exclusive range of products this year informed Mr. Rajesh Rawat, Addl. Executive Director – EPCH.

Mr. K. Kalimuthu, Consul Commerce, Consulate General of India, Dubai while inaugurating appreciated the continuous efforts of the Council for bringing Indian Handicrafts to the world markets and promotion of handicrafts exports from the country. The CGI interacted with Indian exhibitors and offered necessary support for business promotion in UAE.

Mr. Dileep Baid, Chairman EPCH shared that the Council regularly exhibits at Index Fair, Dubai, UAE which provides insight into the UAE's market's versatility. Index Dubai is the West Asia & North Africa's (WANA's) largest trade fair for design led products for home and hotels. EPCH has organised this participation at Index fair for the handicrafts exporters with the support of Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India.

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH said exhibitors from Ahmedabad, Karur, Bangalore, Chennai, Panipat, Saharanpur, Jaipur, Jodhpur, Moradabad and Delhi NCR are exhibiting in EPCH India pavilion and showcasing their exclusive home décor, lifestyle, home textiles, furniture and accessories to the premium buyers at the fair.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal organisation for promotion of exports of handicrafts from the country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and craftspersons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the country. The Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores and US $ 3,956 Million. The exports of handicrafts to UAE during the year 2023-24 was Rs. 2049 Crores (US $ 247 Million) registering a growth of 15.91 % in rupee term and 12.60 % in dollar term over the previous year, informed Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.

---------------------------------------------------------------------------------------------------

**For more information please contact:**

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH +91- 9810697868
Encl : Hindi, English version and photos







**Photo 1 & 2**: EPCH India Pavilion was inaugurated by Mr. K. Kalimuthu, Consul Commerce, Consulate General of India, Dubai in the presence of Mr. R. K. Verma, Executive Director EPCH and member exhibitors participating in the Fair by lamp lighting and ribbon cutting at Index Fair, Dubai.




**Photo 3 :** Mr. K. Kalimuthu, Consul Commerce, Consulate General of India, Dubai along with Mr. R. K. Verma, Executive Director EPCH interacted with member participants at EPCH India pavilion during Index Fair, Dubai.